(ख) जी, हां। विभिन्न पक्षों से, समय-समय पर, रत्नागिरी जिले में उच्च शक्ति टी०वी० ट्रांसमीटर लगाने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

(ग) से (ङ) पर्याप्त साधनों की उपलब्धता और परस्पर प्राथमिकताओं को देखते हुए जिले में टी०वी० सेवा सुदृढ़ करने के प्रयोजन से, रत्नागिरी जिले में हाथीखम्बा में एक उच्च शक्ति टी० वी० ट्रांसमीटर की स्थापना की परिकल्पना की गई है। सरकार से इस परियोजना के लिए औपचारिक अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात, ऐसी परियोजना के पूरा होने में लगभग 4 वर्ष का समय लग जाता है।

आकाशवाणी/दूरदर्शन द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रसारण

1570. **श्री राजभाई ए० परमार :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हमारे देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में दूरदर्शन और आकाशवाणी के कार्यक्रमों का प्रसारण (कवरेज) नहीं होता है जिसके परिणामस्वरूप वहां पर निकटवर्ती पड़ौसी देशों के टी०वी० और रेडियो कार्यक्रमों को देखा तथा सुना जाता है;

(ख) यदि हां, तो 31 मार्च, 1992 की स्थिति के अनुसार ऐसे क्षेत्रों तक उनके प्रसारण (कवरेज) का प्रतिशत कितना रहा है ;

(ग) सीमावर्ती क्षेत्रों तक दूरदर्शन और आकाशवाणी के प्रसारण (कवरेज) का विस्तार करने के लिए क्या सरकार ने संबंधित केन्द्रों की प्रसारण क्षमता में वृद्धि की है; और

(घ) यदि हां, तो उनका केन्द्रवार ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास : (क) और (ख) सीमावर्ती जिलों के काफी बड़े हिस्सों को आकाशवाणी की प्राथमिक ग्रेड/शार्ट वेव सेवा प्राप्त हो रही है। इसके अलावा ये दूरदर्शन ट्रांसमीटरों के कवरेज क्षेत्र में भी आते हैं।

(ग) और (घ) सीमावर्ती क्षेत्रों में रेडियो/टी०वी० कवरेज को सुदृढ़ बनाने के लिए कई परियोजनाओं पर विभिन्न चरणों में काम चल रहा है, जिनमें से कुछ ये हैं :

आकाशवाणी : (1) शिमला, कोहिमा, बीकानेर, कलकत्ता और कुर्सियांग के ट्रांसमीटरों की शक्ति बढ़ाना।

(2) इम्फाल, जयपुर तथा ईटानगर में नए ट्रांसमीटरों की स्थापना करना।

दूरदर्शन : फाजिल्का, जैसलमेर, बाड़मेर भुज, लेह, गंगटोक, लंगलेश तथा रामेश्वरम में उच्च शक्ति ट्रांसमीटर लगाना।

आकाशवाणी/दूरदर्शन केन्द्र स्थापित किये जाने के संबंध में मानदण्ड

1571. **श्री राजूभाई ए० परमार :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी केन्द्र और दूरदर्शन केन्द्र स्थापित किये जाने के लिए क्या मानदण्ड निर्धारित किए गए हैं;

(ख) क्या यह सच है कि कई स्थानों/जिलों द्वारा यह मानदण्ड पूरा किये जाने के बावजूद वहां आकाशवाणी केन्द्र/दूरदर्शन केन्द्र स्थापित नहीं किए गए हैं; और

(ग) यदि हां, तो ऐसे जिलों के नाम क्या-क्या हैं और वहां पर इन आकाशवाणी केन्द्रों/दूरदर्शन को स्थापित न किये जाने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) (क) आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना के लिए जिन मानदण्डों अनुसरण किया जाता है उनमें कई ब

शामिल होती हैं जैसे किसी अन्य मौजूदा स्टेशनों के सिग्नलों से कवर न होने वाले क्षेत्रों को कवरेज प्रदान करना, पहाड़ी, पिछड़े जनजातीय और सीमावर्ती क्षेत्रों में सेवा प्रदान करना, तकनीकी व्यवहार्यता, शेष ग्रामीण और शहरी आबादी की कवरेज सीमा कार्यक्रम निर्माण और लिंकेज सुविधाओं की उपलब्धता, भाषायी और सांस्कृतिक आवश्यकताएं, और वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता।

(ख) और (ग) देश के सभी जिले रेडियो कवरेज के अन्तर्गत आते हैं। चुरा-चांदपुर (नागालैंड) को छोड़कर सभी जिलों (मणिपुर) और मोकोकचंग को पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से दूरदर्शन कवरेज प्राप्त होती है। इन दोनों जिलों में टी०वी० ट्रांसमीटर लगाये जा रहे हैं।

विविध भारती पर 'अपने अधिकार' नामक कार्यक्रम का प्रसारण

1572. **डा० बापु कालदाते** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार 5 जुलाई, 1992 से विविध भारती पर "अपने अधिकार" नामक कार्यक्रम प्रसारित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस कार्यक्रम को दूरदर्शन पर भी "प्रसारित" करने का विचार कर रही है;

(ग) यदि हां, तो कब तक; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) जी, हां। आकाशवाणी से विविध भारती नेटवर्क पर नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा प्रायोजित "अपना अधिकार" नामक कार्यक्रम 5 जुलाई, 92 से हर रविवार प्रसारित किया जा रहा है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) यह सवाल पैदा ही नहीं होता।

(घ) दूरदर्शन द्वारा उपभोक्ता संरक्षण आन्दोलन इत्यादि विषयों को पहले ही विभिन्न कार्यक्रम फार्मेटों में दिखाया जा रहा है।

Postponement of Broadcast of Discussion on Tin Bigha

1573. PROF. SAURIN BHATTACHARYA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the All India Radio, Calcutta recorded on June 18 a panel discussion with representatives of six political parties on Tin Bigha for 45 minutes' duration which was scheduled to be broadcast at 8.00 P.M. on the 21st June, 1992;

(b) whether it is also a fact that the broadcast was postponed to 22nd and then on the same day was postponed indefinitely and there has not been any broadcast of the programme so far; and

(c) if so what was the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): (a) and (b) Yes, Sir.

(e) AIR informed us that keeping in view the overall law and order situation prevailing in the State at that time, it was decided not to broadcast the programme, in public interest.

Implementation of the Prasar Bharati Act

1574. SHRI SUKOMAL SEN: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government propose to implement the provisions of the Prasar Bharati Act within one year; and